तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, मंगलवार, 22 अप्रैल 2025
[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

2 8 महंगी बाइक समेत सूरजपुर से आरोपी गिरफ्तार



बवासीर का आधुनिक इलाज
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल लायंस चौक, चाम्पा
गुप्ता हॉस्पिटल
डॉ. शुभम् गुप्ता
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें
7400009183

## खबर संक्षेप

### सुशासन तिहार के तहत बनाए जाएंगे लर्निंग लाइसेंस

**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रदेश भर में चलाए जा रहे सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत परिवहन विभाग द्वारा आम जनता की समस्याओं के तत्काल समाधान के लिए ब्लॉक स्तर में विशेष लर्निंग लाइसेंस शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय द्वारा शिविरों की रूपरेखा तय कर ली गई है। जारी आदेशानुसार, परिवहन निरीक्षक मिथलेश कुमार वर्मा को अभियान का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इनके मार्गदर्शन में विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी 22 अप्रैल से 1 मई तक जिले के विभिन्न जनपद पंचायत मुख्यालयों में लर्निंग लाइसेंस शिविरों का संचालन करेंगे। जिले में 22 अप्रैल को जनपद पंचायत अंबिकापुर, 23 अप्रैल को जनपद पंचायत लखनपुर, 24 अप्रैल को जनपद पंचायत उदयपुर, 25 अप्रैल को जनपद पंचायत लुंड्रा, 28 अप्रैल को जनपद पंचायत सीतापुर, 29 अप्रैल को जनपद पंचायत बतौली, 30 अप्रैल एवं 1 मई को जनपद पंचायत मैनपाट में लर्निंग लाइसेंस हेतु शिविर आयोजित किए जाएंगे।

### युवती से दुष्कर्म और मारपीट आरोपी गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। दरिमा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार युवती ने 19 अप्रैल को शिकायत दर्ज कराई थी कि नवानगर निवासी राकेश सारथी उर्फ सोनू द्वारा युवती को शादी करने का झांसा देकर अपने घर में रखा गया और इस दौरान 31 दिसम्बर से 11 अप्रैल के बीच लगातार वह जबरन दुष्कर्म करता रहा। इस दौरान जब युवती शादी की बात करती तो आरोपी उसके साथ मारपीट करने के साथ ही जान से मारने की धमकी डेटा था। 10 अप्रैल को भी आरोपी ने युवती के साथ मारपीट की। इस मामले में पुलिस द्वारा दरिमा नवानगर निवासी 20 वर्षीय राकेश सारथी उर्फ सोनू को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी को बीएनएस की धारा 69, 296, 315(3), 115(2) के तहत गिरफ्तार कर लिया है। इस कार्रवाई में दरिमा थाना प्रभारी शशिकान्त सिन्हा, सउनि नेतराम पैकरा, महिला प्रधान आरक्षक ज्योति कुजूर, आरक्षक जगेश्वर बघेल, निर्मल खलखो, रंजीत गुप्ता, जितेन्द्र लकड़ा, राज जायसवाल सक्रिय रहे।



## पांच की जगह तीन दिन चल रही फ्लाइट

# मनमानी फ्लाइट संचालन से यात्री परेशान बिना पूर्व सूचना निरस्त हो रही उड़ान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

जन प्रतिनिधियों की पहल पर अम्बिकापुर से रायपुर एवं बिलासपुर के लिए फ्लाइट सेवा तो प्रारंभ हो गई है लेकिन सेवा प्रदाता कंपनी की मनमानी के कारण यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। फ्लाइट सेवा प्रदाता कंपनी डीजीसीए द्वारा जारी शेड्यूल का पालन तो नहीं ही कर रही हैं, अचानक फ्लाइट भी निरस्त कर दे रही है जिसके कारण यात्रियों का समय बर्बाद हो रहा है।

**खास बात**
- बैरंग लौट रहे यात्री, हर सप्ताह निरस्त हो रही फ्लाइट

आवागमन की सुविधाओं की दृष्टि से पिछड़े सरगुजा को बड़ी सौगात देते हुए राज्य शासन की पहल पर 19 अक्टूबर को दरिमा स्थित मां महामाया हवाई अड्डा से फ्लाइट की सुविधा प्रारंभ की गई थी। फ्लाइट सुविधा शुरू होने से लोगों को कम समय में महानगरों का सफर आसानी से पूरा करने की उम्मीद जगी थी लेकिन सुविधा शुरू होने के छह महीने का समय गुजरने के बावजूद फ्लाइट अपने निर्धारित शेड्यूल से नहीं चल रही है। किसी भी व्यवस्था में प्रारंभिक समस्याएं आती हैं। प्रारंभिक दौर में शेड्यूल के अनुसार फ्लाइट का संचालन नहीं होने पर यात्री इसे प्रारंभिक समस्या मान रहे थे लेकिन 6 महीने का समय गुजरने के बाद भी स्थिति में बदलाव नहीं आने से लोग हैरान हैं।

प्रारंभ में डीजीसीए द्वारा सेवा प्रदाता कंपनी फ्लाई बिग को 25 अक्टूबर 2024 तक सप्ताह में तीन दिन रायपुर से अम्बिकापुर, अम्बिकापुर से बिलासपुर, बिलासपुर से अम्बिकापुर एवं अम्बिकापुर से रायपुर फ्लाइट चलाने की स्वीकृति प्रदान की गई थी। इस बीच फ्लाई बिग के आवेदन पर डीजीसीए ने सप्ताह में पांच दिन फ्लाइट चलाने की अनुमति प्रदान की थी। प्रारंभ में फ्लाई बिग ने एक-दो दिन नए शेड्यूल के अनुसार फ्लाइट चलाने का प्रयोग किया और बाद में निर्धारित शेड्यूल का पालन न कर पूर्व की तरह सप्ताह में तीन दिन ही फ्लाइट का संचालन किया जा रहा है। खास बात है कि फ्लाई बिग स्वयं द्वारा निर्धारित दैनिक शेड्यूल का पालन नहीं कर रही है तथा बिना पूर्व सूचना अचानक फ्लाइट निरस्त कर दे रही है। दो दिन पूर्व शनिवार को रायपुर से अम्बिकापुर की फ्लाइट नहीं चली। इस दिन रीवा से दोपहर 12 बजे खाली फ्लाइट पहुंची एवं निर्धारित शेड्यूल के अनुसार बिलासपुर एवं रायपुर रवाना हुई। इधर सूचना के अभाव में रायपुर में यात्रियों को लंबे इंतजार के बाद फ्लाइट निरस्त होने की सूचना मिली। इसके पूर्व शुक्रवार को रायपुर की फ्लाइट समय पर पहुंची लेकिन पायलट की उड़ान अवधि कम बचने के कारण अचानक बिलासपुर की फ्लाइट निरस्त कर दी गई। इस दौरान बिलासपुर का सफर करने वाले यात्रियों ने एयरपोर्ट में जमकर हंगामा मचाया तथा लंबे समय इंतजार के बाद वापस घर लौट आए। ऐसी स्थिति प्रायः निर्मित होती है जब पूर्व सूचना दिए बिना सेवा प्रदाता कंपनी अचानक फ्लाइट निरस्त कर देती है।



### अनुमति 5 दिन की संचालन 3 दिन

फ्लाई बिग ने डीजीसीए से सप्ताह में पांच दिन फ्लाइट संचालित करने की अनुमति ली है लेकिन तीन दिन ही फ्लाइट का संचालन कर रही है। फ्लाइट के मनमानी संचालन से यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है तथा उनकी यात्रा लंबी हो जा रही है। निर्धारित शेड्यूल का पालन नहीं होने के कारण एयरपोर्ट पर तैनात अधिकारी-कर्मचारियों को भी बेवजह ड्यूटी करनी पड़ रही है। शासन द्वारा निर्धारित शेड्यूल के अनुसार आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने एयरपोर्ट के अधिकारी-कर्मचारी पूरे समय उपस्थित रहते है लेकिन फ्लाइट का संचालन नहीं होता।

### व्यर्थ जा रहा कार्यकाल

सेवा प्रदाता कंपनी फ्लाई बिग द्वारा डीजीसीए के अनुसार फ्लाइट ऑपरेशन नहीं करने के कारण यात्रियों को परेशानी हो रही है साथ ही अधिकारी-कर्मचारियों का कार्यकाल व्यर्थ हो जा रहा है।

-सुशील श्रीवास्तव
डायरेक्टर, मां महामाया एयरपोर्ट, दरिमा

# चोरी के बाद घर में गड्ढा खोदकर छिपाया था सोने-चांदी का जेवर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- पुलिस ने किया बरामद, हथियार चोरी में शामिल आरोपियों ने पुलिस रिमांड में किया खुलासा

आरक्षक के घर से घर से एके-47 राइफल और 90 राउंड जिन्दा कारतूस समेत अन्य सामान की चोरी करने वाले गिरोह ने शहर के गोधनपुर और गांधीनगर क्षेत्र में कई अन्य चोरियों को भी अंजाम दिया था। पुलिस रिमांड के दौरान की गई पूछताछ में महिला समेत चारों आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर घर में गड्ढा खोदकर छिपाए गए चोरी के सामान को बरामद किया है।

बता दें की गांधीनगर निवासी आरक्षक के सूने मकान से एके 47 राइफल और 90 राउंड जिंदा कारतूस की चोरी के मामले में पुलिस में पुलिस ने गांधीनगर निवासी सागर सिंह चौहान, प्रहलाद वासुदेव, शांति सिंह एवं अंकित गुप्ता को गिरफ्तार किया था। पुलिस ने आरोपियों के पास से सर्विस राइफल एके 47 एवं 3 मैगजीन 90 राउंड, सोने चांदी के जेवरात एवं अन्य सामान कुल किमती मशरुका






20 लाख रूपए जब्त किया था। इस दौरान पुलिस द्वारा गोधनपुर और राजेन्द्रनगर में हुई चोरियों में संलिप्तता को लेकर आरोपियों को पुलिस रिमांड पर लिया गया था। न्यायालय से लिए गए रिमांड में पूछताछ के दौरान आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल किया। आरोपियों ने 12 नवंबर की रात गोधानपुर निवासी प्रवीण कुमार टोप्पो के सूने मकान का ताला तोडकर सोने चांदी के जेवर, लैपटॉप समेत अन्य सामान की चोरी की थी। इसके साथ ही आरोपियों ने राजेन्द्र नगर निवासी राजेन्द्र प्रसाद गौतम के रींवा जाने के दौरान 8 से 23 मार्च के बीच घर क ताला तोडकर आलमारी एवं पेटी में रखा हुआ सोने चांदी का जेवर, चांदी का शिवलिंग, स्मार्ट वॉच, जूता, साउंड बॉक्स, पर्स, नगदी रकम 35 हजार रूपए की चोरी की थी। आरोपियों ने दोनों घरों से चुराए गए एक नग सोने का चैन, एक नग सोने का कंगन, एक नग सोने का हार, एक जोड़ी झुमका, सात नग अंगुठी, एक बड़ा एनटीपीसी का सिक्का, कुछ चांदी के सिक्के एवं चांदी की सामग्री, एक नग केसियो तथा एक नग लैपटॉप कों अपने घर के किचन के कोने में गड्ढा खोदकर सोने चांदी के गहने एवं सिक्कों का प्लास्टिक डब्बे में भरकर दबाकर रखना एवं उसके उपर बड़ा पेटी रख दिया और पेटी में ही चुराये हुए केसियो व लैपटॉप को रख दिया था। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर लगभग 5 लाख रूपए का चोरी का सामान बरामद करने के साथ ही उन्हें रिमांड अवधी पूर्ण होने पर पुनः न्यायालय में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी गांधीनगर गौरव कुमार पाण्डेय, साइबर सेल प्रभारी शिशिरकान्त सिंह, उनि नवल दुबे, स्पेशल टीम प्रभारी विवेक पाण्डेय, प्रधान आरक्षक भोजराज पासवान, महिला आरक्षक तेजेश्वरी राजवाड़े, आरक्षक मनीष सिंह, आनंद गुप्ता, विकाश सिंह, अरविन्द उपाध्याय, राहुल सिंह, ऋषभ सिंह सक्रिय रहे।

## कीटनाशक पीने से गंभीर युवक की गई जान

**अम्बिकापुर।** शराब के नशे में युवक ने अज्ञात कारण से कीटनाशक पी लिया। परिजन युवक को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। श्रीनगर अंतर्गत गणेशपुर चिरका पखना पारा निवासी निरंजन सिंह आ. स्व. फूल सिंह (25 वर्ष) शराब पीने का आदी था। 18 अप्रैल की शाम 7 बजे नशे की हालत में घर आया और कीटनाशक पी लेने की बात परिजन को बताई। परिजन युवक को तत्काल श्रीनगर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर रेफर कर दिया। परिजन युवक को सूरजपुर अस्पताल में जांच कराने के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

# बीपी चेक कराने गई महिला को नस में लगाया इंजेक्शन, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- बलरामपुर के चांदो का मामला, आरएमए पर परिजन ने लगाया लापरवाही का आरोप

बलरामपुर जिले के ग्राम चांदो में बीपी चेक कराने के पहुंची आदिवासी महिला की गलत इंजेक्शन लगने से मौत का मामला सामने आया है। मृतिका के परिजन ने महिला की मौत के मामले में लापरवाही का आरोप लगाते हुए तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। परिजन ने पीएचसी चांदो के प्रभारी आरएमए पर लापरवाही का आरोप अलगाया है। इधर इस मामले में स्वास्थ्य विभाग द्वारा जांच टीम का गठन किया गया है लेकिन अधिकारियों का कहना है कि महिला का बीपी पहले से ही कम था और उल्टी की शिकायत थी। फिलहाल अधिकारी जांच के बाद स्थिति स्पष्ट होने की बात कह रहे है।

इस मामले में मृतिका के भाई चांदो शाहपुर निवासी डेविड किस्पोट्टा आ. स्व. ओबेद किस्पोट्टा का कहना है कि उसकी बहन ग्राम पंचायत मगाजी के जरहाखाड़ निवासी 41 वर्षीया सीमा किस्पोट्टा 14 अप्रैल की सुबह महुआ चुनने के बाद कुछ लोगों के साथ साप्ताहि बाजार गई हुई थी। इस दौरान महिला को चक्कर आने पर वह अपना बीपी चेक कराने के लिए चांदो पीएचसी पहुंची लेकिन अम्बेडकर जयंती की छुट्टी के कारण अस्पताल बंद था जबकि अस्पताल प्रभारी आरएमए उमाशंकर वर्मा अस्पताल के पीछे अपने कमरे में लोगों का उपचार कर रहे थे। डेविड का कहना है कि उसकी बहन सीमा किस्पोट्टा भी अपना बीपी चेक कराने के लिए आरएमए के घर चली गई। इस दौरान बीपी चेक करने के बाद आरएमए ने सीमा किस्पोट्टा को नस में एक इंजेक्शन लगाया और इंजेक्शन लगने के बाद ही सीमा बेहोश होकर जमीन में गिर गई और उसे उल्टी होने लगा। इस दौरान आरएमए द्वारा मौके पर मौजूद लोगों के सहयोग से महिला को अस्पताल के पीछे से अस्पताल के अंदर ले जाकर ड्रिप लगाया गया लेकिन हालत में सुधार नहीं होने पर उसने महिला को जिला अस्पताल रिफर कर दिया और घटना की जानकारी परिजन को दी। सूचना मिलने के बाद परिजन मौके पर पहुंचे और निजी वाहन से लेकर महिला को जिला अस्पताल बलरामपुर पहुंचे जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजन का कहना है कि नस में गलत इंजेक्शन लगाने से महिला की मौत हो गई। इसके साथ ही उन्होंने आरोप लगाया है कि महिला की गलत उपचार से मौत के बाद भी उसका पीएम नहीं कराया गया और लाश परिजन के सुपुर्द कर दिया गया। डेविड किस्पोट्टा का कहना है कि मृतिका की चार बेटियां है और उनमें से तीन बेटियां पढ़ाई कर रही है। महिला की मौत के बाद उनकी बेटियों का भविष्य खतरे में पड़ गया है। उन्होंने मामले में जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

### परिजन ने नहीं कराया पीएम

इधर इस मामले में स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि महिला का बीपी काफी गिर गया था और उल्टी हो रही थी। सीएमएचओ डॉ. बंसत सिंह ने बताया कि चांदो पीएचसी प्रभारी आरएमए उमाशंकर वर्मा के पास महिला उल्टी और चक्कर की शिकायत लेकर आई थी। महिला का बीपी काफी नीचे चला गया था। अवकाश के कारण आरएमए ने अपने घर में ही महिला को उल्टी रोकने के लिए एक इंजेक्शन लगाया था इसके बाद उसे ड्रिप लगाई गई। हालत गंभीर होने के कारण उसे जिला अस्पताल रिफर किया गया था। जिला अस्पताल में महिला की मौत हो गई। महिला की मौत के बाद परिजन ही पीएम नहीं कराना चाहते थे और उन्होंने अस्पताल में इस संबंध में लिखित में दिया था। अब परिजन ने मामले की शिकायत की है। इस मामले में जांच टीम का गठन किया गया है और जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

## अब सेवानिवृत्ति के बाद वृक्षों के संरक्षण के लिए मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री को लिखा पत्र

# कोल कर्मी ने बंजर भूमि में लगाए दर्जनों फलदार पौधे, 38 वर्षों तक की पेड़ों की देखभाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

38 वर्षों से निरंतर अपने जोड़े हुए पैसे से बड़ी रकम खर्च कर बंजर भूमि में पर्यावरण प्रेमी एवं सेवानिवृत्त कॉलरी कर्मी 62 वर्षीय बुजुर्ग पंडित राजेंद्र दुबे उर्फ गुदिल महाराज द्वारा कई फलदार छायादार वृक्ष लगाए और उसे संरक्षण किया जो आज एक उपवन के रूप में विकसित हुआ है।राजेंद्र दुबे की इस निस्वार्थ भाव को लोगों द्वारा भूरी भूरी प्रशंसा की जाती रही है लेकिन अब सेवानिवृत्त होने के बाद इन वृक्षों का संवर्धन एवं संरक्षण के लिए कोल कर्मी चिंतित नजर आ रहे हैं। पौधों को सुरक्षा एवं क्षेत्र को विकास के लिए पर्यावरण प्रेमी राजेंद्र दुबे ने प्रदेश के मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर वृक्षों की सुरक्षा के लिए एक ट्रस्ट बनाने हेतु पत्र लिखा है। प्रधानमंत्री को लिखे पत्र में पंडित राजेंद्र दुबे ने उल्लेख ⏭ शेष पेज 3 पर




हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
माह मई 2025
जन्मदिन उत्सव फॉर्मेट
नोट : 1 मई से 31 मई तक जिन पाठकों का जन्मदिन हो अपना फॉर्मेट भरकर 25 अप्रैल 2025 तक जमा कर सकते हैं।
अब हर माह आप बनेंगे भाग्यशाली विजेता
महाबम्पर ड्रॉ में शामिल होने का सुनहरा अवसर
प्रथम पुरस्कार — 1 तोला, 5 नग सोने का हार
द्वितीय पुरस्कार — 1 स्कूटी (EV)
तृतीय पुरस्कार — 2 नग रेफ्रीजरेटर
चतुर्थ पुरस्कार — 3 नग LED TV
सांत्वना पुरस्कार — 1100
नियम व शर्तें लागू
कार्यालय प्रति
पाठक का नाम ____ मो.नं. ____
पिता का नाम ____ जन्मतिथि ____
स्थान ____ जिला ____
एजेंसी का नाम ____
एजेंसी का पता ____ मो.नं. ____
नियम व शर्तें : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते है।
हरिभूमि ग्राहक प्रति जन्मदिन उत्सव
पाठक का नाम ____ मो.नं. ____
पिता का नाम ____ जन्मतिथि ____
स्थान ____ जिला ____
एजेंसी का नाम ____
एजेंसी का पता ____ मो.नं. ____

## खबर संक्षेप

### बैकुंठपुर में पारा 43 डिग्री घर में दुबके रहे लोग

**बैकुण्ठपुर।** क्षेत्र में गर्मी ने अपना तीखा तेवर दिखाना शुरू कर दिया है। सोमवार को अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जिससे दोपहर के समय शहर की सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। आमजन गर्मी से बचने के लिए घरों में ही दुबके रहे, वहीं जरूरी काम से बाहर निकलने वाले लोग मुंह ढंके नजर आए। दोपहर 12 बजे के बाद मुख्य बाजार, चौक-चौराहों और अन्य व्यस्त स्थानों पर सामान्य दिनों की अपेक्षा भीड़ कम रही। हीट स्ट्रोक के खतरे को देखते हुए डॉक्टरों ने नागरिकों को दोपहर 12 से 3 बजे तक घर से बाहर न निकलने और पर्याप्त पानी पीने की सलाह दी है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में तापमान में और बढ़ोत्तरी हो सकती है, जिससे गर्मी का प्रकोप और तेज होगा। प्रशासन द्वारा स्कूलों के समय में परिवर्तन पर भी विचार किया जा रहा है।

### 4-4 लाख की सहायता राशि स्वीकृत

**मनेन्द्रगढ़।** प्राकृतिक आपदा राहत के अंतर्गत आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत करने का प्रावधान किया गया है। इसके तहत वार्ड क्रमांक 10 खोंगापानी तहसील मनेन्द्रगढ़ में आदित्य की मृत्यु तालाब के पानी में डूबने के कारण हो गया था, जिससे उनके पिता बालकरण को 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार, कमलभान सिंह पिता उतरहा गोड़ निवासी ग्राम तेन्दूडांड तहसील मनेन्द्रगढ़ की मृत्यु नदी में डूबने के कारण हो गया था जिससे मृतक के पुत्र दशरथ सिंह को 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार खड़गवां तहसील के ग्राम बेलबहरा निवासी जिरमन बाई की पानी में डूबने से हुई मृत्यु हो जाने पर उनके पति प्यारेलाल उरांव को 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### संविदा पदों के लिए दावा-आपत्ति आमंत्रित

**मनेन्द्रगढ़।** छग के महिला एवं बाल विकास विभाग नवा रायपुर के निर्देशन में मिशन वात्सल्य अंतर्गत संचालित चाईल्ड हेल्पलाइन योजना के तहत जिला स्तरीय संविदा पदों पर भर्ती की प्रक्रिया जारी है। इसीक्रम में जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में चाईल्ड हेल्पलाइन के अंतर्गत स्वीकृत कुल 8 संविदा पदों के लिए प्राप्त आवेदनों का परीक्षण एवं मूल्यांकन पूर्ण कर लिया गया है।

## शहर में महंगी बाइक को निशाना बनाने वाले गिरोह का भंडाफोड़

# 8 महंगी बाइक समेत सूरजपुर से आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

■ अन्य आरोपी की तलाश जारी, नाबालिग भी रहा घटना में शामिल

शहर में लगातार हो रही महंगी बाइक चोरी की घटनाओं पर प्रभावी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने एक अंतर जिला बाइक चोर गिरोह का भंडाफोड़ कोरिया पुलिस ने किया है।

पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे के मार्गदर्शन में थाना बैकुंठपुर और थाना पटना की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए कुल 8 नग महंगी मोटरसाइकिल जब्त की हैं, जिनकी अनुमानित कीमत 3 लाख 65 हजार रूपए बताई जा रही है। पुलिस ने थाना बैकुंठपुर के अपराध क्रमांक 130/25, 131/25 धारा 303 (1), 331(4) बीएनएस तथा थाना पटना के अपराध क्रमांक 88/25, 89/25 धारा 303(2) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की थी। इसी क्रम में मुख्य आरोपी भूपेन्द्र सिंह पिता स्व. राजेन्द्र सिंह उम्र 20 वर्ष निवासी नवापारा, सूरजपुर और एक नाबालिग विधि विरूद्ध संघर्षरत बालक को हिरासत में लिया गया।

पूछताछ में आरोपियों ने कोरिया जिले के विभिन्न स्थानों से 3 नग ड्यूक केटीएम, 1 नग आर-15, 2 नग स्कूटी, 1 नग सुपर स्प्लेंडर और 1 नग बजाज पल्सर एनएस 160 चोरी करने की बात कबूली। पुलिस ने इन सभी बाइक को अलग-अलग ठिकानों से बरामद कर जब्त किया है। गौरतलब है कि बीते दिनों शहर के कचहरीपारा, स्कूलपारा, ओड़गी नाका जैसे रिहायशी क्षेत्रों में हुई चोरी की घटनाएं सीसीटीवी कैमरों में रिकॉर्ड हुई थीं, जिसमें चोरों की गतिविधियां स्पष्ट रूप से देखी गईं। इन्हीं फुटेज के आधार पर पुलिस ने आरोपियों की पहचान कर उन्हें दबोचने में सफलता पाई।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी व जब्त की गई बाइक।

**पुलिस गश्ती पर उठे थे सवाल:** स्थानीय लोगों का कहना रहा कि कचहरीपारा का इलाका पूरी तरह रिहायशी है, बावजूद इसके चोर बिना किसी डर के बाइक चुराकर फरार हो गए। बीते 8 अप्रैल को चोरों ने एक के बाद एक कई मकानों के सामने रखे बाइक को निशाना बनाया था और आराम से निकल गए थे, जिससे सिटी कोतवाली पुलिस की गश्त और सतर्कता पर सवाल खड़े हो रहे थे।



छग राज्य वन विकास निगम के अध्यक्ष का स्वागत करते भाजपाई।

## अध्यक्ष रामसेवक के आगमन पर भाजपाइयों ने किया स्वागत

**बैकुण्ठपुर।** छग राज्य वन विकास निगम के अध्यक्ष रामसेवक पैकरा के प्रथम कोरिया आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया।

सोमवार को भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी के नेतृत्व में खरवत चौक पर आयोजित कार्यक्रम में श्री पैकरा का पुष्पमालाओं और जयघोष के साथ भव्य स्वागत किया गया। स्वागत समारोह में जिलेभर से काफी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता शामिल हुए।


न्यायालय- श्रीमान प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ.ग.)

प्रो. नं.-61/2025
व्यव.वा.प्र.क्र-5 बी/2024
अगामी पेशी तिथि 19/06/2025

मो. फारूक................................ / वादी
प्रति
कविलासो व अन्य................ /
प्रतिवादीगण

**नोटिस/ईश्तहार**

बनामः-
1. कविलासो आ. धनऊ, 68 वर्ष,
2 फुलकुंवर पत्नी स्व. भूपेश्वर, उम्र लगभग 65 वर्ष, दोनों जाति कुम्हार, दोनों निवासी- गंगापुर, थाना व तहसील- लुण्ड्रा, जिला- सरगुजा (छ.ग.)

आपको नोटिस/ईस्तहार के माध्यम सूचित किया जाता है इस न्यायालय में वादी/आवेदक द्वारा आपके के विरूद्ध व्यवहार वाद प्रकरण क्रमांक-5 बी/2024 मो. फारूक प्रति कविलासो व अन्य न्यायालय प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ.ग. के समक्ष रकम वसूली हेतु व्यवहार वाद प्रस्तुत किया गया है। न्यायालय द्वारा प्रकरण में प्रतिवादीगण को न्यायालय में उपस्थिति हेतु नोटिस प्रेषित की गई थी। किन्तु प्रतिवादीगण को नोटिस की तामिली न हो पाने के कारण प्रकरण में पेशी तिथि बढ़ती जा रही है। ऐसी स्थिति में उपरोक्त प्रतिवादीगण को न्यायालीय प्रकरण में उपस्थिति होने हेतु नोटिस/इश्तेहार का प्रकाशन कराया जा रहा है।

अतः आपको इस नोटिस/इश्तेहार के माध्यम से सूचित किया जाता है कि पेशी दिनांक-19.06.2025 को न्यायालयीन समय दिन में 11.00 बजे उपस्थित होकर स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता/अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें। नियत दिनांक को उपस्थित न होने की दशा में आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी। उक्त तिथि को सार्वजनिक अवकाश होने की दशा में अथवा किन्हीं कारणवश न्यायालयीन स्थगित होने पर प्रकरण की सुनवाई अगामी कार्य दिवस पर होगी।

आज दिनांक 07/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया।

(प्रांजली नेताम)
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ.ग.)


# बाजारपारा के दाल-भात केन्द्र में भरपेट मिल रहा भोजन

■ 5 रुपए में भरपेट मिल रहा भोजन

**बैकुण्ठपुर।** प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना शहीद वीर नारायण सिंह श्रम अन्न योजना के तहत बैकुण्ठपुर के बाजारपारा स्थित पौनी पसारी शेड के नीचे संचालित दाल-भात केन्द्र श्रमिकों के लिए वरदान साबित हो रही है।

प्रतिदिन काफी संख्या में गरीब तबके के लोग भोजन करने के लिए जुटते हैं। इस योजना के तहत दाल भात केन्द्र संचालन शुरू होने के बाद श्रमिकों एवं गरीबों को बड़ी राहत मिल गई है। मिली जानकारी के अनुसार उक्त योजना का क्रियान्वयन श्रम विभाग द्वारा किया जा रहा है, इसके तहत पंजीकृत श्रमिकों को 5 रूपए में दाल, चावल, सब्जी भरपेट मिल रहा है। भोजन के साथ ही आचार, पापड़ तथा सलाद भी प्रदान किया जा रहा है। निश्चित रूप से गरीब श्रमिक वर्ग के लिए शहीद वीर नाराण सिंह श्रम अन्न योजना के तहत खुले दाल-भात केन्द्र का लाभ श्रमिक वर्ग के लिए 3 रूपए में राहत भरा मदद मिल रही है। वर्तमान में महंगाई के दौर में 3 रूपए में तो हॉटलो में नास्ता भी नहीं मिलता है, ऐसे में सरकार की योजना के तहत संचालित दाल भात केन्द्र में भरपेट भोजन मिल रहा है, यह निश्चित रूप से श्रमिकों को आर्थिक रूप से बड़ी राहत मिल रहा है। **सिर्फ 5 रूपए में भरपेट भोजन-** पौनी पसारी शेड के नीचे संचालित दाल-भात केन्द्र में महंगाई के इस दौर में भी सस्ते दर पर भोजन उपलब्ध करा कर जरूरतमंदों को बड़ी आर्थिक मदद मिल रही है। जानकारी के अनुसार उक्त केन्द्र में सोमवार को चावल, दाल, कद्दू की सब्जी के साथ आचार, पापड़ व प्याज भी परोसा गया था।



### केल्हारी क्षेत्र में अवैध रेत उत्खनन जोरों पर

**मनेन्द्रगढ़।** केल्हारी क्षेत्र में अवैध रेत उत्खनन जोरों पर है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार एमसीबी जिला अंतर्गत केल्हारी क्षेत्र में अवैध रेत उत्खनन का मामला तेजी से तूल पकड़ता जा रहा है। जानकारी के अनुसार रात के अंधेरे में नदी क्षेत्र में कई भारी वाहन रेत लोड करने के लिए पहुंचते हैं, इससे पूरे क्षेत्र में अवैध गतिविधियों का माहौल बन गया है। स्थानीय सूत्रों की मानें तो इस अवैध रेत उत्खनन में जिले के कुछ जनप्रतिनिधियों का भी अप्रत्यक्ष सहयोग प्राप्त है, जिससे यह कार्य बेधड़क जारी है। प्रशासनिक निगरानी की कमी और राजनीतिक संरक्षण के चलते खनन माफिया बेखौफ होकर अपने काम को अंजाम दे रहे हैं।

## नागपुर, महाराजपुर में अवैध कोयला उत्खनन, सौंपा ज्ञापन



**मनेन्द्रगढ़।** मनेन्द्रगढ़-नागपुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम महाराजपुर, सोनवर्षा, राधारमननगर, हर्रा, लाई, बरबसपुर व उजियारपुर के ग्रामीणों ने जिलाधीश को ज्ञापन सौंपकर क्षेत्र में चल रहे अवैध कोयला उत्खनन व तस्करी पर रोक लगाने की मांग की है।

ग्रामीणों का आरोप है कि जंगल क्षेत्र से प्रतिदिन भारी मात्रा में कोयला निकाला जा रहा है, जिसे ट्रकों के माध्यम से अंतरराज्यीय स्तर पर भेजा जा रहा है और ईंट भट्टों में प्रयोग हो रहा है। इस कार्य में जंगल, खनिज विभाग व पुलिस विभाग के कुछ अधिकारियों की मिलीभगत की बात भी ग्रामीणों ने कही है। ग्रामीणों ने बताया कि जब वे इसका विरोध करते हैं, तो माफिया उन्हें खुलेआम धमकाते हैं, जिससे गांवों में भय का माहौल है। इसके अतिरिक्त, उन्होंने क्षेत्र में जुआ, सट्टा व अवैध शराब बिक्री की गतिविधियों पर भी संज्ञान लेने की अपील की है। ग्रामीणों ने प्रशासन से अनुरोध किया है कि तत्काल सख्त कार्रवाई कर क्षेत्र में कानून व्यवस्था बहाल की जाए।

# लाखों खर्च के बाद भी सामुदायिक शौचालय में ताला बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोरिया-एमसीबी जिले में स्वच्छ भारत मिशन के तहत पंचायतों में सामुदायिक शौचालय सह दुकान का निर्माण कार्य कई पंचायतों में कराया गया है, लेकिन निर्माण कार्य पूरा हो जाने के बाद भी अनेक पंचायतों में लाखों रूपए खर्च कर बनाए गए सामुदायिक शौचालय उपयोग में नहीं लाया जा रहा है।

लाखों खर्च करने के बाद भी सामुदायिक शौचालय में ताला बंद है, वहीं इसके साथ ही बनाए गए दुकान की नीलामी भी नहीं की गई है, इसके कारण सामुदायिक शौचालय सह दुकान पंचायतों में शो पीस बनकर खड़ी है। बंद पडेÞ सामुदायिक शौचालय को चालू कराने की दिशा में जिम्मेदार अधिकारी भी ध्यान नहीं दे रहे हैं ओर न ही पंचायत प्रमुख ही इस ओर ध्यान दे रहे हैं। इस तरह शासन का लाखों रूपए खर्च करने के बाद भी उद्देश्य की पूर्ति नहीं हो पा रही है, सिर्फ सुविधा के नाम पर राशि खर्च की गई है, लेकिन उपयोगिता सुनिश्चित करने की दिशा में पंचायत प्रतिनिधि भी बेपरवाह है, इसके चलते ही कोरिया-एमसीबी जिले के कई पंचायतों में लाखों खर्च कर बनाया गया सामुदायिक शौचालय का निर्माण होने के बाद उसमें ताला लटका हुआ है। कई पंचायतों के ग्रामीणों को उम्मीद है कि प्रशासन इस मामले पर ध्यान देगा, जिससे जल्द ही उन्हें उपलब्ध सुविधाओं का लाभ मिलने के साथ गांव के लोगों को रोजगार करने का ठिकाना मिल सकेगा।



शौचालय में लगा ताला।

### दुकान निर्माण का भी नहीं मिल रहा लाभ

कोरिया-एमसीबी जिले के पंचायतों में सामुदायिक शौचालय सह दुकान निर्माण कार्य कराए जाने के बाद कई पंचायतों में भवन बंद पड़ा है, इससे लोगों को सुविधा का लाभ नहीं मिल पा रहा है और न ही गांव के बेरोजगारों को रोजगार के अवसर देने के लिए बनाए गए दुकान आवंटन नहीं होने के कारण इसका भी लाभ नहीं मिल पा रहा है। इस दिशा में नव निर्वाचित सरपंचों को पहल कर पंचायतों में बनाए गए सामुदायिक शौचालय सह दुकान जो कि निर्माण के बाद से बंद पड़े हैं, उन्हें चालू कराने की दिशा में पहल करने की जरूरत है।

### वैल्यू चेन पार्टनर के लिए आवेदन

**मनेन्द्रगढ़।** मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिला अंतर्गत राष्ट्रीय खाद्य तेल-तिलहन मिशन (नेशनल मिशन ऑन इडिबल ऑयल ऑयलशिड ) के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए योग्य एफपीओ (एफपीओ) एवं सहकारी समितियों से वैल्यू चेन पार्टनर (वीसीपी) बनने के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इस योजना के अंतर्गत किसानों के चयन से लेकर मृदा परीक्षण, बीज वितरण, फसल प्रदर्शन, प्रशिक्षण, फार्म स्कूल संचालन, सलाहकार सेवाओं का प्रसार और अंत में उत्पाद के मूल्य संवर्धन व विपणन तक की संपूर्ण प्रक्रिया में सहभागिता की जिम्मेदारी इन्हीं पार्टनरों को सौंपी जाएगी। इन कार्यों के संचालन के लिए पात्र संस्थाओं को योजना में निर्धारित प्रावधानानुसार वित्तीय सहायता भी प्रदान की जाएगी। वैल्यू चेन पार्टनर बनने के लिए इच्छुक एफपीओ अथवा सहकारी समितियों को कुछ पात्रता शर्तों को पूरा करना आवश्यक है।

### कोरिया कॉलरी का एसईसीएल अस्पताल बना खंडहर

**कोरिया कालरी।** एक समय क्षेत्रवासियों की स्वास्थ्य सेवा का मुख्य केन्द्र रहा एसईसीएल का अस्पताल बीते करीब 10 वर्षों से बंद पड़ा है। आज इसकी स्थिति इतनी जर्जर हो चुकी है कि यह शराबियों और नशेड़ियों का अड्डा बन गया है। जहां कभी मरीजों की भीड़ होती थी, आज वहां टूटे खिड़की-दरवाजे, झाड़-झंखाड़ और नशाखोरी का माहौल देखा जा सकता है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि कोरिया कॉलरी में तीन वार्ड संचालित हैं, लेकिन प्राथमिक उपचार के लिए भी उन्हें दूर-दराज जाना पड़ता है। गर्मी का मौसम और बढ़ती मौसमी बीमारियां जैसे डेंगू, वायरल बुखार, शुगर, ब्लड प्रेशर और डायबिटीज जैसी समस्याएं लोगों को घेर रही हैं,लेकिन इलाज के लिए कोई ठोस व्यवस्था नहीं है।


तेज डायग्नोस्टिक/ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने अम्बिकापुर में परामर्श हेतु प्रतिदिन उपलब्ध विशेषज्ञ
डॉ. मोहित गुप्ता
डॉ. हेमन्त कुमार बी
डॉ. पूजा
डॉ. सोनल मार्डिया
डॉ. चन्द्रशेखर उपाध्याय
डॉ. मनोज भारती
डॉ. आशीष कुमार जायसवाल
डॉ. ओम प्रकाश पंडित
डॉ. सुरभि
डॉ. हिमांशु गुप्ता
डॉ. विकास गुप्ता
डॉ. जी के दामले
डॉ. संदीप गुप्ता
डॉ. प्रवीन कुमार सिंह
07774-222555, 9425583780, 9826183780
8224007799, 8718003300, 6262639090

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

सरगुजा मार्केट

TOP IN SURGUJA

डॉ हर्षप्रीत सिंह टुटेजा
SRS HOSPITAL
जिला अस्पताल रोड, मणिपुर स्कूल के सामने, अम्बिकापुर
+919617605000, +917049985558

गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALTY HOSPITAL
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
9424250281 | 8120906000 | 8120809000
डॉ. प्रज्ञा ओझा

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर मूत्र रोग विशेषज्ञ
डॉ.राहुल कपूर
दिनांक 23 अप्रैल 2025 दिन - बुधवार
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
खरसिया नाका अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा

लेजर मशीन द्वारा
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल

UNIQUE CONVENT
HIGHER SECONDARY SCHOOL
ADMISSION OPEN
Chandani Chowk, Khairbar Road
Ambikapur (C.G.), Mo. 8223020720, 6263495007

HEALTH TOWN

सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ.अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
27 अप्रैल 2025, दिन - रविवार
विद्या डायग्नोस्टिक

डॉ. ए.एफ. दानिश
रविवार, 27 अप्रैल 2025
प्लास्टिक सर्जरी
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल

डॉ.आर.के. साहू
डॉ. अनिल कुमार यादव
डॉ.गौरव त्रिपाठी
डॉ.रोशन लाल वर्मा
दिनांक 27 अप्रैल, रविवार
प्रकाश हास्पिटल
मो. 9713667433, 9617247433

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.

## खबर संक्षेप



### प्रदीप सिंह मरकाम चुने गए उदयपुर ब्लॉक सरपंच संघ के अध्यक्ष

**उदयपुर।** जनपद पंचायत उदयपुर के सभा कक्ष में सरपंच संघ की बैठक वरिष्ठ सरपंच राम सिंह की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। बैठक में पुरानी कार्यकारिणी को भंग करते हुए नए कार्यकारिणी गठन कर सरपंच संघ की अध्यक्ष प्रदीप सिंह मरकाम को चुना गया। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के बाद जिले के उदयपुर ब्लॉक में सरपंच संघ की पहली बैठक किया गया। बैठक में ब्लॉक के 59 ग्राम पंचायत के नवनिर्वाचित सरपंच शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ सरपंच राम सिंह ने कहा संघ का विस्तार कर नहीं ऊर्जा के साथ पंचायत में कार्य करने की आवश्यकता है। नए सरपंचों ने सर्व समिति से रामनगर पंचायत के सरपंच प्रदीप सिंह मरकाम को अध्यक्ष चुना। साथ कार्यकारिणी का विस्तार किया गया जिसमें उपाध्यक्ष अनीता सिंह पैकरा, सचिव देव लोचन सिंह यूईके, सह सचिव विनोद सिंह पोर्ते, कोषाध्यक्ष लक्ष्मी सिंह सिंध राम, कोषाध्यक्ष गुप्तेश्वर सिंह पैकरा, सक्रिय सदस्य अमृता सिंह कोर्राम को चुना गया। इस मौके पर ब्लॉक के 59 ग्राम पंचायत के सरपंच मौजूद रहे। नवनिर्वाचित सरपंच संघ अध्यक्ष प्रदीप सिंह मरकाम ने कहा ब्लॉक में सभी सरपंचों के साथ विभागीय कर्मचारियों अधिकारियों से आपसी तालमेल बनाकर काम करेंगे। सरकारी योजनाओं को प्रत्येक ग्राम में पहुंचाया जाएगा।

### गर्मी को देखते हुए एनएसयूआई ने की छुट्टी घोषित करने की मांग



**अंबिकापुर।** बढ़ती गर्मी को देखते हुए प्राथमिक और माध्यमिक कक्षाओं की छुट्टी करने की मांग एनएसयूआई ने की है। भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन जिला अध्यक्ष आशीष जायसवाल ने इस संबंध में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। छात्र नेताओं ने कहा कि अप्रैल के तीसरे हफ्ते में ही तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना है ऐसे में दोपहर की तेज गर्मी में स्कूल जाने और आने के क्रम में छोटे बच्चे बीमार हो रहे हैं। उन्हें लू लगने का खतरा बना रहता है। ज्यादातर कक्षाओं में परीक्षाएं भी हो चुकी हैं इन परिस्थितियों को देखते हुए सभी शासकीय और अशासकीय प्राइमरी और मिडिल स्कूलों में छुट्टी घोषित करना उचित होगा। इस दौरान धीरज गुप्ता, अभिषेक सोनी, गौतम गुप्ता, ऋषिकेश मिश्रा, अतुल यादव, ऋषभ जायसवाल, अवि गोस्वामी, प्रियांशु जायसवाल, आयुष पांडेय आदि उपस्थित थे।

### गांव चलो-घर घर चलो अभियान के तहत विधायक पहुंचे नगर में



**बिश्रामपुर।** सुशासन तिहार में प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मरावी गांव चलो, घर घर चलो अभियान के तहत नपं बिश्रामपुर में पहुंच लोगों की समस्याओं से रूबरू हुए। रविवार को प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मरावी लोगों के बीच पहुंचकर योजनाओं की जानकारी साझा किए। नगर पंचायत बिश्रामपुर क्षेत्र में पहुंचकर प्रेमनगर विधायक ने विभिन्न वार्डों में हो रहे निर्माण कार्यों का जायजा लिया। इसके बाद वार्ड स्तरीय बैठक में शामिल होकर नगरवासियों की समस्याओं से रूबरू हुए। नगर में सामाजिक स्थिति सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से बंगाली समाज के क्लब में पहुंचकर निर्मित शेड का फीता काटकर शुभारंभ किया। प्रेमनगर विधायक को सुशासन दिवस पर नगरवासियों ने जहां एक ओर पानी, बिजली, आवास एवं सड़क सहित कई मांग रखी, वहीं वार्ड नंबर 15 की श्यामपति नाम की एक महिला ने अपने पति के मरणोपरांत उनके मृत्यु प्रमाण दिलवाने की मांग रखी। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती निर्मला यादव, उपाध्यक्ष दीपेन्द्र सिंह चौहान, मण्डल अध्यक्ष कैलाश सिरदार, राजेश यादव, सूरज सेठी, नपं सीएमओ सुशील कुमार तिवारी, पोरस सिन्हा, गौतम पाल, निर्मल भट्टाचार्य, तपन पाल ,निखिल चौधरी, नपं बिश्रामपुर पार्षद रविशंकर बउआ सहित अन्य उपस्थित थे।

### समय रहते अस्पताल के कर्मचारियों ने पाया काबू, टली बड़ी दुर्घटना

# मेडिकल कॉलेज अस्पताल अधीक्षक कक्ष के एसी में लगी आग, मची अफरा तफरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

गर्मी ने जहां अब अपना तेवर दिखाना शुरू कर दिया है। पिछले दो दिन के भीतर ही पारा में हुई बढ़ोत्तरी के बाद अब लोग गर्मी से परेशान है। ऐसे में लोग घरों एवं ऑफिस में कूलर एसी का सहारा ले रहें है। इधर गर्मी बढ़ जाने से अब आगजनी की संभावना भी बढ़ गई है वहीं आज दोपहर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में उस समय अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई जब अस्पताल अधीक्षक कक्ष के एसी में शॉट-सर्किट से आग लग गई। हालांकि अस्पताल के कर्मचारियों की तत्परता से समय रहते काबू पा लिया गया नहीं तो बड़ी घटना हो सकती थी।

**खास बात**
- कक्ष सहित गलियारे धुआं से भरा

जानकारी के अनुसार आज दोपहर मेडिकल कॉलेज अस्पताल के अधीक्षक कक्ष के अगल बगल कक्ष में काम कर रहे लोगों ने अधीक्षक कक्ष से धुआं निकलते देख कक्ष में गए तो उनके होश उड़ गए। देखते ही देखते अधीक्षक कक्ष के अलावा गलियारे में न सिर्फ अंधेरा छा गया बल्कि धुआं भर जाने से लोग बाहर निकल गए जिससे अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई। इधर अधीक्षक कक्ष के एसी में शॉट सर्किट होने तथा आग लग जान की जानकारी लगते ही सहायक अस्पताल अधीक्षक, अस्पताल सलाहकार, चिकित्सक सहित कर्मचारी मौके पर पहुंच गए वहीं कर्मचारियों ने फायर सिलेंडर से पहले आग बुझाई फिर विद्युत सप्लाई को काटा। समय रहते आग पर काबू पा लेने से बड़ी दुर्घटना टल गई वहीं धुआं भी कुछ समय बाद छट गई। ऐसा नहीं है कि अस्पताल में शार्ट सर्किट की यह कोई पहली घटना है बल्कि पूर्व में भी कई बार विद्युत पैनल, एसी में शार्ट सर्किट से आग लग चुकी है परंतु प्रबंधन द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया गया जिसे ऐसी घटना हुई।



एसी से विद्युत सप्लाई काटते विद्युत कर्मी, कक्ष में भरे धुंआ।

#### हो सकती थी बड़ी दुर्घटना

अस्पताल अधीक्षक कक्ष के एसी में लगी आग पर समय रहते काबू पाया नहीं जाता तो बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। आग जिस समय लगी उस समय कक्ष में कोई नहीं था। जबकि कक्ष से लगे गलियारे में कार्टून से भरे दवाईया बड़ी संख्या में स्टोर कर रखे हुए है। ऐसे में छोटी सी चिंगारी अगर कागज के कार्टून तक पहुंच जाती तो बड़ी आगजनी की घटना हो सकती थी।

#### हो सकती है पुर्नावृति

मेडिकल कॉलेज अस्पताल के जितने वार्ड है और वार्ड के बाहर जो विद्युत पैनल बनाए गए है वह न सिर्फ अव्यवस्थित है बल्कि मकड़जाल में तब्दील हो चुकी है। अव्यवस्थित विद्युत तार से हर समय शार्ट सर्किट की संभावना बनी रहती है। जबकि कर्मचारी खाना पूर्ति के लिए दो तार में टेप लगाकर छोड़ देते है जिससे इस गर्मी में विद्युत भार अधिक होने से तार के गर्म होने तथा आग लगने की संभावना बनी रहती है। ऐसे में सही तरीके से विद्युत तारों की मरम्मत नहीं हुई तो आने वाले दिनों में पुनः घटना की पुर्नावृति हो सकती है।

## महिला सुरक्षा के लिए आरपीएफ चला रहा जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर



रेल यात्रा के दौरान स्टेशन सहित यात्री ट्रेनों में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर रेल मंत्रालय भारत सरकार के निर्देश पर आरपीएफ जागरूकता अभियान चला रही है।इसके लिए स्टेशनों सहित यात्री गाड़ियों की नियमित चेकिंग के अलावा हैंड लाउडस्पीकर माइक के जरिए लोगों और यात्रियों को सजग और सुरक्षित रहने अपील की जा रही है।

आरपीएफ अंबिकापुर पोस्ट की प्रभारी सुनीता मिंज ने बताया कि रेल सुरक्षा बल द्वारा यात्रा के दौरान महिलाओं की सुरक्षा को लेकर देश भर में जागरूकता अभियान चला रही है। उन्होंने बताया जागरूकता अभियान के तहत महिलाओं को ट्रेन अथवा सहयात्री की प्रतिक्षा के दौरान महिलाओं हेतु आरक्षित प्रतीक्षालयों अथवा स्टेशनों पर महिलाओं हेतु बने सेफ बबल में बैठने के लिए बताया जा रहा है।सफर के दौरान किसी भी अजनबी से अपनी यात्रा की जानकारी या अनावश्यक बातचीत से बचने,यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या के समाधान के लिए टोल फ्री नंबर 139 की मदद लेने के लिए जागरूक किया जा रहा।इसके अतिरिक्त अकेले यात्रा के दौरान अपनी सीट व कोच की जानकारी परिजनो को बताने प्रेरित किया जा रहा।जागरूकता अभियान के दौरान पुरुष यात्रियों को महिलाओं के लिए आरक्षित डिब्बों में यात्रा नहीं करने ऐसा करना दंडनीय अपराध की श्रेणी में आने की भी समझाइश दी जा रही है,साथ ही किसी महिला यात्री को असहज स्थिति में देखकर सहायता करने तथा सुरक्षाकर्मी व हेल्पलाइन नंबर पर सूचित किए जाने की भी समझाइश दी जा रही है।आरपीएफ पोस्ट प्रभारी मिंज ने बताया कि ट्रेनों की चेकिंग महिला आरपीएफ टीम भी करती है उनसे सहायता मांगने में किसी प्रकार की संकोच न करें।उन्होंने बताया कि स्टेशन में ट्रेन की प्रतिक्षा अथवा यात्रा के दौरान महिला यात्री की बार बार घुरना,अनावश्यक बातचीत की कोशिश,पीछा करना आदि हिंसा के संकेत हो सकते हैं इस बात को महिला यात्री नजर अंदाज न करें इसकी सूचना तत्काल आरपीएफ को देने उन्होंने अपील की है।प्रभारी ने बताया जागरूकता अभियान में ट्रेनों स्टेशनों में पैंपलेट पोस्टर लगा यात्रियों को महिला सुरक्षा को लेकर जागरूक किया जा रहा है।

## कांग्रेस कार्यालय के सामने किया जाएगा गुड़ और पानी का वितरण



हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

भीषण गर्मी में राहगीरों को राहत देने के लिए जिला कांग्रेस कमेटी ने अच्छी पहल की है। कांग्रेस कमेटी द्वारा गर्मी के मौसम में लोगों को शीतल जल और गुड का वितरण किया जाएगा।

पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव द्वारा सोमवार को जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय राजीव भवन में सार्वजनिक प्याऊ का उद्घाटन किया गया। जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा गर्मियों में जनसेवा के उद्देश्य से इस प्याऊ की स्थापना की गई है। इस प्यार के माध्यम से जिला कांग्रेस कमेटी आमजन को शीतल जल के साथ ही गुड़ भी वितरित करेगा। पूजा उपरांत प्याऊ के उद्घाटन के बाद पूर्व उपमुख्यमंत्री ने खुद सेवा के उद्देश्य से आमजन में शरबत, जल और गुड़ का वितरण किया। उन्होंने जिला कांग्रेस की सराहना करते हुए यह कहा कि न केवल गर्मियों बल्कि बाद में भी प्याऊ की निरंतरता को ध्यान रखा जाये। उन्होंने इस प्याऊ की स्थापना के लिए पार्टी के युवा कार्यकर्ताओं का विशेष आभार जताया। इस दौरान जेपी श्रीवास्तव, द्वितेंद्र मिश्रा, हेमंत सिंह, मो. इस्लाम, मधु दीक्षित, दुर्गेश गुप्ता, हेमंत तिवारी, मदन जायसवाल, संजीव मंदिलवार, आशीष वर्मा, अशफाक अली, जीवन यादव, पूर्णिमा सिंह, गीता रजक, पपिन्दर सिंह, कलीम अंसारी, मो हसन, गुड्डू मेराज, रजनीश सिंह, नीतीश चौरसिया, निकी खान, मो इमरान, आतिश शुक्ला, निखिल विश्वकर्मा, पंकज शुक्ला, मिथुन सिंह, शुभम जायसवाल, आशीष जायसवाल, अरविंद सिंह, परवेज आलम गांधी, श्रीमती शकीला सिद्दीकी सहित अन्य मौजूद थे।

- पूर्व डिप्टी सीएम ने किया उदघाटन, अपने हाथों से किया शरबत का वितरण

## शॉर्ट सर्किट से लगी आग, धू-धू कर जला ट्रक...



**सीतापुर।** नेशनल हाईवे 43 स्थित ग्राम चलता के समीप एक ट्रक में आग लग गई। कोयला लोड ट्रक अंबिकापुर से पत्थलगांव की ओर जा रही थी। जैसे ही चालक वाहन लेकर ग्राम चलता वेयर हाउस के समीप पहुंचा तभी शॉर्ट सर्किट की वजह से ट्रक में आग लग गई। इधर चालक ने सूझबूझ का परिचय देते हुए ट्रक को सड़क किनारे खड़ा अपनी जान बचाई। आग लगने के कुछ देर बाद ही देखते ही देखते आग पूरे ट्रक पर फैल गई। ट्रक के केबिन से तेज लपटे उठने लगी और कुछ समय बाद ट्रक का केबिन पूरी तरह आग की लपटों में घिर गया। घटना के दौरान नेशनल हाईवे के दोनों तरफ भारी वाहनों की लंबी कतार लग गई। इस घटना में किसी तरह का जानमाल का नुकसान नहीं हुआ। मौके पर मौजूद लोगों ने दमकल विभाग को घटना की सूचना दी।

## सनातन धर्म के रक्षक थे भगवान परशुराम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सर्व ब्राह्मण समाज ने भगवान परशुराम की जयंती मनाने और संगठनात्मक गतिविधियों को तीव्र करने के उद्देश्य से सतीश तिवारी की अध्यक्षता में सुरेश शर्मा के निवास पर बैठक की। बैठक में सदस्यों ने भगवान परशुराम के जीवन-दर्शन पर प्रकाश डाला। बैठक के सूत्रधार संगठन के कर्मठ कार्यकर्ता संतोष चौबे को संगठनात्मक विस्तार के लिए तीन वार्डों का दायित्व सौंपा गया।

- ब्राह्मण समाज की बैठक में शोभायात्रा की तैयारियों को लेकर हुई चर्चा

बैठक में सतीश तिवारी ने कहा कि भगवान परशुराम की जयंती पर ब्राह्मण समाज द्वारा इस वर्ष भी विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी। गोधनपुर वार्ड में निवासरत हर परिवार की शोभायात्रा में सहभागिता होनी चाहिए। भगवान परशुराम सनातन धर्म के रक्षक थे उनके आदर्शों को अपनाकर हम समाज में समरसता लायेंगे। पं.सुरेश शर्मा ने कहा कि भगवान परशुराम सनातन धर्म के रक्षा के लिए फरसा और वेद दोनों साथ लेकर चलते थे जिसका मुख्य उद्देश्य अनीतिपूर्ण कार्यों को रोकना और सनातन धर्म का पुर्नस्थापना एवं विधर्मियों का संघार कर समाज में समरसता लाना था। अनुज दुबे ने कहा कि भगवान परशुराम और सद्भाव के लिए वेदों के माध्यम से समाज को संदेश दिया। वृंदावन कालोनी निवासी राज नारायण द्विवेदी ने कहा कि समाज को एक सूत्र में बांधने के लिए संगठन जरूरी है। ब्राह्मण समाज हमेशा सौहार्दपूर्ण वातावरण के निर्माण का पक्षधर रहा है। समाजसेवी गुरूचरण सिंह ने कहा कि ब्राह्मण समाज की हर पहल से सनातन संस्कृति को बल मिलेगा। हम जितना सजग रहेंगे हमारा समाज मजबूत रहेगा। अनिल द्विवेदी ने कहा कि सामाजिक गतिविधियां हमारी सजगता की प्रतीक है। डॉ.पुष्पेंद्र शर्मा ने कहा कि ब्राह्मण समाज जितना सशक्त होगा उतना ही हमारी सनातन संस्कृति मजबूत होगी। रूढ़िवादी परम्परा जो हमारे भाईचारे को प्रभावित करती है या समाज के विकास में अवरोधक है उसे भी समाप्त करने के लिए अभियान चलायेंगे। इस दौरान संजय दुबे, मुकुन्द मिश्र, अनुज दुबे, रिन्टु चौबे, अजय दुबे, सुधीर शर्मा आदि उपस्थित थे।



## कलेक्टर एवं एसपी ने कानून व्यवस्था के संबंध में ली बैठक

**सूरजपुर।** कलेक्टर एस. जयवर्धन एवं पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने के संबंध में जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में जिले में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने, नशे के विरुद्ध कार्रवाई, अपराधिक घटनाओं को रोकने और जिले में कानून व्यवस्था एवं शांति बनाए रखने के संबंध में चर्चा की गई और संबंधित अधिकारियों को संयुक्त रूप से कार्य करने को कहा।

कलेक्टर श्री जयवर्धन ने जिले में अपराधिक घटनाओं की जानकारी लेते हुए उन्हें रोकने और कानून व्यवस्था बनाए रखने एवं सुरक्षा के पर्याप्त इंतज़ाम के लिए सभी अधिकारियों को सजग होकर कार्य करने के लिए कहा। उन्होंने सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं पुलिस प्रशासन को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी अपने क्षेत्रों में असामाजिक तत्वों द्वारा की जाने वाली वारदातों पर पैनी नजर रखे तथा किसी भी तरह की अप्रिय स्थिति की संभावना को देखते ही त्वरित एवं सख्त कार्रवाई करें। कलेक्टर ने जिले में शांति बनाए रखने के लिए किसी भी तरह असामाजिक गतिविधियों पर पूर्ण रूप से अंकुश लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने विभिन्न आयोजनों के दौरान जानबूझकर ध्वनि प्रदूषण करने और रात्रि 10 बजे के बाद लाउडस्पीकर और डीजे बजाने पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। सड़क सुरक्षा के संबंध में चर्चा करते हुए उन्होंने जिले में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने, सड़क यातायात में व्यवधान उत्पन्न करने वालों, सड़कों पर अतिक्रमण करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने सुरक्षा एवं यातायात सुचारू करने के लिए भी नियमित पेट्रोलिंग कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके अलावा सभी दुपहिया वाहन चालकों को हेलमेट अनिवार्य रूप से पहनने, चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाने के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो, डिप्टी कलेक्टर, एसडीएम, तहसीलदार, पुलिस विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।



## घटिया सड़क निर्माण पर विधायक सख्त गुणवत्तापूर्ण कार्य करने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बतौली/सेदम

विधायक रामकुमार टोप्पो विधानसभा क्षेत्र में हो रहे निर्माण कार्य को लेकर काफी सख्त नजर आ रहे हैं। उन्होंने पेंट में हो रहे तटबंध के घटिया निर्माण को जहां कल रोक दिया था वहीं आज ग्रामीणों द्वारा घटिया सड़क निर्माण की शिकायत पर ग्राम बांसाझाल में रोड का निरीक्षण करते हुए कार्रवाई के लए निर्देश दिए।

सीतापुर विधायक रामकुमार टोप्पो ने आज रोड निर्माण कार्य के निरीक्षण के लिए विभाग के अधिकारियों के साथ बतौली मंडल के ग्राम बांसाझाल पहुंचे। जहां बांसाझाल से कदमहुआ तक पीएमजेएसवाई विभाग द्वारा जनमन के तहत 399.46 की लागत से बनाए जा रहे 6.600 किमी रोड का निरीक्षण किया। इस बीच ग्रामीणों ने ठेकेदार द्वारा कराए जा रहे घटिया निर्माण की शिकायत की। जिस पर विधायक ने मौके पर जांच हेतु संबंधित अधिकारियों जांच करने के निर्देश दिए। जांच में गुणवत्ताहीन सामग्री का प्रयोग करना पाया गया। जिस पर उन्होंने तत्काल निर्माण कार्य को रोक दिया और निर्माण कार्य में उपयोग किए जा रहे रहे मैटेरियल को तत्काल उठा कर हटाने को कहा। साथ ही ठेकेदार को गुणवत्ता पूर्ण कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा मेरे विधानसभा क्षेत्र में निर्माण कार्य पर लापरवाही बरतने पर लगातार कार्रवाई की जाएगी।



## छात्रा ने खुद ही ब्लेड से काट लिया गला, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

नाबालिग छात्रा द्वारा ब्लेड से अपने गली की नस काटकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। नस कटने से गंभीर छात्रा को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर घटना की जांच की जा रही है। फिलहाल छात्रा द्वारा आत्महत्या किए जाने के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

- कारण अज्ञात, जांच में जुटी पुलिस

बताया जा रहा है कि सूरजपुर जिले के भटगांव अंतर्गत ग्राम बरपारा निवासी 14 वर्षीया नेहा बरगाह आ. राजेन्द्र प्रसाद बरगाह कक्षा 10वीं की छात्र थी। परिजन के अनुसार 16 अप्रैल की दोपहर 3 बजे छात्रा जब मोहल्ले से घूमकर लौटी तो पिता ने उसे गर्मी और धूप में घूमने से मना किया था। इसके बाद छात्रा अपने कमरे में जाकर सो गई जबकि परिवार के सभी सदस्य घर के बाहर ही थे। इसी दौरान नेहा की छोटी बहन बबली घर के अंदर कमरे में गई तो उसकी नेहा बिस्तर पर पड़ी थी और उसके गले से खून निकल रहा था ऐसे में उसने शोर मचाकर अपने माता पिता को बुलाया।

जब माता पिता मौके पर पहुंचे तो देखा कि छात्रा का गला कटा हुआ है और बिस्तर पर एक ब्लेड पड़ा हुआ है इसके बाद आनन फानन में छात्रा को परिजन द्वारा उपचार के लिए मिशन हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। इस बीच बीती रात उपचार के दौरान छात्रा की मौत हो गई। परिजन ने अनुसार छात्रा ने खुद ही अपना गला काट लिया था लेकिन आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है। घटना के बाद परिजन सदमे में है। मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर लाश को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है और घटना की जांच चल रही है।



मृतिका।

## पृष्ठ 1 का शेष

### कोल कर्मी ने ....

किया है कि सूरजपुर विकासखंड के ग्राम करमपुर में निरंतर कड़ी मेहनत से श्री पवन पुत्र हनुमान जी का पंचमुखी मुखी हनुमान मंदिर का निर्माण किया गया, साथ ही 5 एकड़ बंजर भूमि में विभिन्न प्रजातियों की वृक्षों का निस्वार्थ भाव से रोपित कर उसे संरक्षण संवर्धन किया गया जो कि अब ये पौधे वृक्ष का रूप धारण कर चुके हैं और फल देना प्रारंभ कर चुके हैं। रिटायर होन के बाद कोल कर्मी को इसे संरक्षित कर पाना काफी मुश्किल हो रहा है, इस कारण से पूरे वृक्षों को राज्य शासन को अपने संरक्षण में लेकर पर्यटन स्थल, ऑक्सीजन पार्क एवं धार्मिक स्थल के रूप में विकसित किया जाना चाहिए जो क्षेत्र के लोगों के लिए बहुत लाभकारी साबित होगा। अब फलदार वृक्षों से लहलहा रही है पूर्व की 5 एकड़ बंजर भूमि - यहां बता दें कि करमपुर ग्राम पंचायत जो कुम्दा कॉलोनी से लगा हुआ है यहाँ 5 एकड़ बंजर भूमि में पंडित राजेंद्र दुबे अपनी सर्विस काल में मिलने वाले वेतन की आधी कमाई से विभिन्न फलदार पौधे का रोपण किया जिसमें 110 पौधा विभिन्न प्रजाति के हैं इनमें आम, करौंदा, अमरूद, जामुन, कटहल, सागवान, खंभवार, नारियल, कदम, काजू, नीम, नीलगिरी, चीकू व नींबू के पौधे शामिल हैं।

सूरजपुर कलेक्टर के संरक्षण में बने ट्रस्ट, स्थल का हो सार्वजनिक उपयोग : - जीवन की गाढ़ी कमाई से निर्मित पंचमुखी हनुमान मंदिर एवं सैकड़ो वृक्षों के संरक्षण एवं विकास के लिए पंडित राजेंद्र दुबे की इच्छा है कि इस स्थल को सूरजपुर कलेक्टर की अध्यक्षता एवं देखरेख में एक ट्रस्ट बना कर जनहित एवं समाज हित में इस स्थल का पूर्ण विकास किया जाए ताकि यह स्थल छत्तीसगढ़ के मानचित्र में दर्शनीय एवं पर्यावरण प्रेरणा स्थल के रूप में अपनी पहचान बना सके।

21 Ambikapur-pg 4-0_Layout 1 4/21/2025 9:54 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### जेईई एडवांस परीक्षा हेतु चेशांत श्रेयश ने हासिल की पात्रता




**बिश्रामपुर।** नगर के डीएवी पब्लिक स्कूल के सत्र 2023-24 में कक्षा बारहवीं गणित संकाय से उत्तीर्ण मेघावी छात्र चेशांत कुमार पटेल पिता युधिष्ठिर प्रसाद पटेल ने अपने रैंकिंग में सुधार करते हुए जेईई मेंस परीक्षा 2025 सेशन II में 99.6 प्रतिशत हासिल किया है। साथ ही सत्र 2024-25 के कक्षा बारहवीं गणित संकाय में अध्ययनरत छात्र श्रेयश कुमार पिता संजीव कुमार सिंह ने अपने रैंकिंग में सुधार करते हुए जेईई मेंस परीक्षा 2025 सेशन-II में 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शानदार सफलता अर्जित कर उक्त दोनों प्रतिभाशाली छात्रों ने आगामी 18 मई को आयोजित होने वाली जेईई एडवांस 2025 परीक्षा के लिए पात्रता हासिल कर ली है। दोनों होनहार छात्रों ने अटूट लगन, दृढ़ इच्छाशक्ति एवं सही दिशा में कड़ी मेहनत करते हुए उक्त परीक्षा में शानदार कामयाबी हासिल कर अपने माता -पिता एवं विद्यालय परिवार को गौरवान्वित किया है।विद्यालय के प्राचार्य एचके पाठक सहित विद्यालय परिवार ने प्रतिभाशाली छात्रों चेशांत कुमार पटेल और श्रेयश कुमार की शानदार उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके सुखद एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### दिन के तापमान में आंशिक वृद्धि 2-3 दिन यथावत रहेगी गर्मी

**अम्बिकापुर।** रात में दक्षिण की हवा चलने के कारण सोमवार को न्यूनतम तापमान में 1.0 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है जबकि पूरे दिन पश्चिम की गर्म हवाएं चलने के कारण अधिकतम तापमान में आंशिक वृद्धि दर्ज की गई। सोमवार को मौसमी घटकों में बदलाव भी आया है लेकिन आगामी दो-तीन दिनों तक गर्मी से राहत नहीं मिलने एवं इस दौरान दिन का तापमान 40-41 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है। वर्तमान में दक्षिण-पश्चिम राजस्थान से हरियाणा, पश्चिम उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, झारखण्ड होते हुए पश्चिम बंगाल के गंगेय क्षेत्र तक द्रोणिका विस्तारित है वहीं दूसरी द्रोणिक मध्यप्रदेश से उत्तर छत्तीसगढ़ होते हुए मैनार की खाड़ी तक सक्रिय है। द्रोणिका के प्रभाव से दक्षिण छत्तीसगढ़ सहित आसपास के क्षेत्रों में बादलों की आवाजाही एवं गरज-चमक हो रही है वहीं पूरे दिन पश्चिम की गर्म हवाएं चलने के कारण सरगुजा सहित पूरे संभाग में भीषण गर्मी पड़ रही है। मौसम कार्यालय द्वारा रविवार को अधिकतम तापमान 40.6 डिग्री रिकॉर्ड किया गया था जो सोमवार को बढ़कर 40.8 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया है। मौसम विज्ञानी आगामी 2-3 दिनों तक पश्चिम की गर्म हवाएं चलने एवं तापमान के यथावत रहने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। इधर एक नया पछुआ विक्षोभ उत्तर भारत की ओर बढ़ रहा है। जिसे 24 अप्रैल को पश्चिमी हिमालय क्षेत्र में पहुंचने का अनुमान है। विक्षोभ के प्रभाव से आसमान के ऊपरी सतह पर बादलों की आवाजाही बढ़ने एवं हवा की दिशा में बदलाव होने से गर्मी से कुछ राहत मिलने का अनुमान लगाया जा रहा है। दो दिन पड़ी तेज गर्मी का प्रभाव अब सड़कों पर दिखना शुरू हो गया है।

### किसान से फोन पे के माध्यम से 95 हजार रूपए की ठगी

**अंबिकापुर।** मणिपुर थाना अंतर्गत ग्राम सुंदरपुर निवासी धन्नू राम यादव खेती किसानी का काम करता है। 22 मार्च को उसके मोबाइल नम्बर पर एक अज्ञात नम्बर से फोन आया और फोन करने वाले ने बोला मुझे पहचान रहे हो। जब किसान ने पहचानने से इनकार किया तो उसने खुद को मानिकपुरी गुरूजी होने का दावा करते हुए कहा कि उसके मोबाइल नम्बर पर फ़ोन पे नहीं चल रहा है इसलिए वह अपने बेटे से उसके फोन पे में 25 हजार रूपए डलवा रहा है। इस दौरान किसान के नम्बर पर फर्जी आया जिसके बाद किसान को ठग ने कहा कि 15 हजार रूपए बताए गये नम्बर पर भेज दे और शेष 10 हजार रूपए खुद रख ले। इसी तरह उसके पास दूसरी बार 35 हजार और तीसरी बार में 55 हजार रूपए का मैसेज आया। ठग के कहने पर किसान ने 15 हजार, 30 हजार और 50 हजार रूपए ट्रांसफर कर दिया लेकिन उसके बाद किसान का फ़ोन पे नम्बर लॉक कर दिया। अपने साथ ठगी का एहसास होने पर किसान ने बैंक से जानकारी निकाली और उसके बाद उसने मामले की शिकायत अब पुलिस से की है। पुलिस ने मामले में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 318(4) के तहत अपराध दर्ज किया है।

## बारात लेकर वापस लौटते समय पेड़ से टकराई कार

# सड़क दुर्घटना में दूल्हे की बहन की सड़क हादसे में मौत, मातम में बदली खुशियां



दुर्घटनाग्रस्त कार।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनगरा

**खास बात**

- चालक को झपकी आने से हुई घटना

सोमवार की सुबह तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई। इस दुर्घटना में एक महिला की मौत हो गई जबकि परिवार के अन्य सदस्य भी घायल हो गए है। बड़ी बात यह है कि मृतिका महिला अपने भाई के शादी में शामिल होने आई थी और अंबिकापुर कामोदा बिहार में विवाह के बाद बरात लेकर वापस लौट रही थी। भाई के शादी के अगले दिन बहान की सड़क हादसे में मौत के बाद शादी की खुशियां मातम में बदल गई है और परिवार में शोक का माहौल निर्मित हो गया है। इस घटना से क्षेत्र में भी शोक की लहर फ़ैल गई है। फिलहाल पुलिस द्वारा मामले में मर्ग कायम कर लाश को पीएम उपरांत परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है।

बताया जा रहा है कि भटगांव के पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सूरज गुप्ता की शादी समारोह में शामिल होने के लिए सूरज गुप्ता की बहन जशपुर के दुलदुला निवासी 32 वर्षीया चांदनी गुप्ता पति निरंजन गुप्ता भटगांव आई हुई थी। रविवार को सूरज गुप्ता की शादी अंबिकापुर के कामोदा विहार होटल में हुई और शादी के बाद सोमवार की सुबह बारात वापस लौट रही थी। इसी दौरान चांदनी गुप्ता भी पति निरंजन गुप्ता के साथ स्विफ्ट डिजायर कार क्रमांक जेएच 01 सीपी 8189 से वापस लौट रही थी। कार को पति निरंजन गुप्ता ही चला रहे थे। इस दौरान अंबिकापुर-बनारस मुख्य मार्ग पर सकल पुर में चालक को संभवत झपकी आ गई और कार नियंत्रण से बाहर हो गई। तेज रफ्तार अनियंत्रित कार सड़क किनारे साल के पेड़ से जा टकराई। इस घटना के कार के सामने का हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया जबकि घटना में दुल्हे की बहन चांदनी गुप्ता की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि परिवार के अन्य सदस्य घायल हो गए लेकिन शेष लोगों को मामूली चोट ही आई थी। इधर बहन के मौत की जानकारी मिलने के बाद शादी की खुशियां मातम में बदल गई। घटना के बाद परिजन का रो रोकर बुरा हाल है इसके साथ ही नगर में शोक का माहौल है। पुलिस द्वारा मामले में मर्ग कायम कर लाश को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है।

## शादी समारोह से लौट रही महिलाओं की ऑटो पलटी, एक की मौत




- उदयपुर मुख्य मार्ग में हुई घटना

**अंबिकापुर।** शादी समारोह से लौट रहे महिलाओं की ऑटो पलटने से एक ही परिवार के लोग घायल हो गए। दुर्घटना में गम्भीर एक महिला को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर किया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर लाश को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि 20 अप्रैल को उदयपुर विकासखंड के ग्राम सलका निवासी उमेश्वर की मां 50 वर्षीया नान्ही बाई पति भूखल, युवक की मामी फूलमती, भाभी लाली, बहन प्रमिला व बेबी, चाची तीजा शादी समारोह में शामिल होने के लिए ग्राम अमगसी गए हुए थे। दिन में शादी कार्यक्रम समाप्त होने के बाद परिवार के सभी सदस्य ऑटो क्रमांक सीजी 10 एएल 7113 से वापस गाँव लौट रहे थे। इस दौरान चालक द्वारा तेज और लापरवाहीपूर्वक ऑटो चलाया जा रहा था। उदयपुर मुख्य मार्ग पर चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया और तेज रफ्तार ऑटो सडक किनारे पलट गई। इस घटना के बाद महिलाओं से भरी ऑटो में मदद के लिए चीख पुकार मच गई। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा संजीवनी एम्बुलेंस 108 की मदद से घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया जहां शेष महिलाओं को मामूली चोट आने के कारण प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई जबकि वृद्ध नान्ही बाई को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर किया गया था। मेडिकल कॉलेज अस्पताल में देर रात 10 बजे महिला को भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना के बाद परिवार सदमे में है। मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर घटना की जांच की जा रही है।

### सड़क दुर्घटना में घायल ग्रामीण की मौत

अंबिकापुर। सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल ग्रामीण की उपचार के दौरान मौत हो गई। मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है। अस्पताल पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार जशपुर जिले के ग्राम गम्हरिया निवासी 50 वर्षीय शंकर भगत आ. भोला राम 20 अप्रैल को पत्नी बैजन्ती के साथ त्यौहार मानाने के लिए ग्राम बेकंठा गया हुआ था। त्यौहार से वापस घर लौटते समय बेकंथा और पीढ़ी के बीच शंकर भगत ने वाहन से नियंत्रण खो दिया और बाइक गिरने से दम्पति गम्भीर रूप से घायल हो गए। सडक दुर्घटना में घायल शंकर भगत की हालत गंभीर होने के कारण उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर किया गया था जहां उपचार के दौरान देर रात मौत हो गई।

# डॉ. अंबेडकर का सपना मोदी सरकार कर रही साकार: अनुराग

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर




- डॉ.भीमराव अंबेडकर सम्मान अभियान अंतर्गत डॉ.अंबेडकर सम्मान सभा व विचार संगोष्ठी संपन्न

भाजपा द्वारा सोमवार को डॉ.अंबेडकर सम्मान सभा व विचार संगोष्ठी का आयोजन चम्बोथी तालाब स्थित सभागार में आयोजित किया गया।

गोष्ठी में मुख्य वक्ता गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष अनुराग सिंहदेव ने कहा कि डॉ.भीमराव अंबेडकर ने जीवन में अपार कष्ट झेले, सामाजिक अपमान सहा लेकिन कभी भी किसी जाति, धर्म या संप्रदाय के विरूद्ध कोई अपमानजनक शब्द नहीं कहा। उन्होंने संदेश दिया कि हमें सशक्त भारत बनाना है, तो संविधान के मार्ग पर चलकर ही आगे बढ़ना होगा। बाबा साहब का देश की संस्कृति और परंपराओं के प्रति गहरा सम्मान था। वे किसी जाति विशेष के नहीं पूरे देश के थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए संविधान में 25 बार संशोधन किया। वहीं भाजपा सरकार ने अब तक संविधान में 5 बार संशोधन किया और हर संशोधन जनहित में किया गया। आज कश्मीर जैसे क्षेत्रों में कुछ तत्व एसटी-एससी समाज को लेकर संविधान संशोधन के विषय में भ्रम फैला रहे हैं, लेकिन सच्चाई यह है कि भाजपा कभी संविधान में संशोधन करती है तो वह डॉ.अंबेडकर की भावना के अनुरूप ही करेगी। बाबा साहब का सपना था भारत के हर व्यक्ति को आवास मिले, हर घर में शौचालय हो, और सबको स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार और भाजपा सरकारें बाबा साहब के इन सपनों को धरातल पर उतार रही हैं। ओबीसी मोर्चा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सोनी ने कहा कि बाबा साहब का जीवन केवल दलित समाज के लिए नहीं, बल्कि पूरे देश और मानवता के लिए एक प्रेरणा है। उनका संघर्ष हमें समतामूलक समाज की ओर ले जाता है। जिला अध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया ने कहा कि हमारे संविधान ने हमें समानता, न्याय और स्वतंत्रता जैसे अधिकार दिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डॉ.अंबेडकर के जीवन से जुड़ी धरोहरों को संजोया और उन्हें पंच तीर्थ के रूप में विकसित किया। अजय इंगोले ने कहा कि डॉ.भीमराव अंबेडकर केवल संविधान निर्माता नहीं थे, बल्कि शिक्षा को समाज परिवर्तन का सबसे सशक्त माध्यम मानने वाले क्रांतिकारी चिंतक थे। आज हम उनके विचारों को आत्मसात कर शिक्षित, संगठित और संघर्षशील समाज की ओर अग्रसर हो सकते हैं।

डॉ.योगेंद्र गहरवार ने कहा कि डॉ.अंबेडकर ने स्वास्थ्य और सामाजिक समानता के बीच गहरे संबंध को समझा था। वे मानते थे कि जब तक समाज के अंतिम व्यक्ति को स्वास्थ्य, शिक्षा और न्याय नहीं मिलेगा, तब तक सच्चा विकास संभव नही। संगोष्ठी को सीए हरिशंकर जायसवाल एवं पूर्व अभियंता गजानन राही ने भी संबोधित किया। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष विनोद हर्ष, अनिल जायसवाल, संजय गुप्ता, रविंद्र तिवारी, अवधेश सोनकर, रूपेश दुबे, इंदर भगत, मंडल अध्यक्ष मनोज कंसारी, मधु चौदहा, विद्यानंद मिश्रा, गोपाल पाण्डेय, दिनेश बारी सहित बड़ी संख्या में भाजपा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता व शहरवासी उपस्थित थे।

## बौद्धिक उपलब्धियों का संरक्षण हमारा कर्तव्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर




- साई कॉलेज में हुई बौद्धिक सम्पदा अधिकार विषय पर कार्यशाला

श्री साई बाबा आदर्श स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आईक्यूएसी एवं छत्तीसगढ़ सोशियोलॉजीकल एसोसिएशन के तत्वाधान में इन्टलैक्युअल प्रापर्टी एक्ट विषय पर आयोजित कार्यशाला में राजमोहिनी देवी कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र की कृषि वैज्ञानिक किरन तिग्गा ने कहा कि बौद्धिकता से उपजे विचार, खोज, अनुसंधान को सुरक्षित रखना हमारा कर्तव्य है। यह चल-अचल सम्पत्ति की तरह ही है, इसका स्वरूप बदला हुआ है। अपनी रचना, कृति, खोज, अविष्कार हमारी बौद्धिक सम्पदा है। बौद्धिक सम्पदा अधिकार की जानकारी होने से ही इसकी सुरक्षा की जा सकती है। उन्होंने कहा कि मार्का, लोगो, डिजाइन हमे उत्पाद की पहचान दिलाते हैं इसके भी संरक्षण के प्रावधान हैं जो हमे करना होगा।

प्राचार्य डॉ.राजेश श्रीवास्तव ने कहा कि कार्यशाला सीखने के लिए है। बौद्धिक सम्पदा अधिकार के प्रति हम जितना जागरूक होंगे, उतना ही उसकी रक्षा होगी। लेखक, कवि, अन्वेषक, वैज्ञानिक के अपने मौलिक अधिकार होते हैं। उनके अधिकारों की सुरक्षा के लिए ही बौद्धिक सम्पदा अधिकार है। कला, बौद्धिकता का मूल्य व्यक्ति को मिलना चाहिए। उन्होंने ट्रेडमार्क, डिजाइन, एक्ट के बारे में अवगत कराया। आईक्यूएसी समन्वयक डॉ.आरएन शर्मा ने कहा कि बौद्धिक सम्पदा व्यक्ति की अर्जित संपदा है। खोज, अनुसंधान, कला, लेखन और उपलब्धियों के प्रति सचेत होकर संरक्षण करना होगा। शासकीय महाविद्यालय जरही के रोहित रस्तोगी ने पॉवर प्वाइंट के माध्यम से द रोल ऑफ कॉपीराइट इन प्रोटेक्टिंग लैंपस्केप आर्किटेक्ट डिजाइन को प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि बौद्धिक संपदा अधिकार प्रत्येक क्षेत्र में है। इसके लिए देश-काल की सीमा है लेकिन कॉपीराइट के अधिकार का पालन करना होगा। उन्होंने सम्पदा को बौद्धिकता से हासिल करने की प्रक्रिया तथा पंजीकरण की विधि से अवगत कराया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ.किरन तिग्गा और रोहित रस्तोगी को शॉल, श्रीफल तथा स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन देवेंद्र दास सोनवानी तथा पल्लवी मुखर्जी तथा आभार प्रदर्शन डा.दिनेश शाक्य ने किया। इस दौरान अरविंद तिवारी, शैलेष देवांगन, राकेश कुमार सेन, डॉ.विवेक कुमार गुप्ता आदि उपस्थित थे।

# परिजन ने पैसा नहीं दिया तो युवक ने लगा ली फांसी, मौत

**अम्बिकापुर।** परिजन द्वारा पैसा नहीं देने से नाराज हुए युवक ने मोहल्ले में पेड़ में रस्सी के सहारे फांसी लगा लिया। परिजन युवक को फांसी से उतार मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर आए जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

जानकारी के अनुसार गंगापुर नालापारा निवासी शेखर गिरी आ. परशु गिरी (20 वर्ष) आज सुबह परिजन से पैसों की मांग की जिस पर परिजन ने नशा करने के लिए पैसा नहीं देने की बात कही। जिस पर युवक भोजन कर घर से चला गया। कुछ समय बाद ही पड़ोसी सुधीर की पत्नी ने आकर बताया कि शेखर इमली पेड़ में रस्सी के सहारे फांसी लगा लिया है। जानकारी लगते ही मां गोमती गिरी, भाई व पिता तत्काल मौके पर पहुंचे और शेखर को फांसी से उतार तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की मां गोमती गिरी ने बताया कि शेखर के दोस्त द्वारा नशा कराते थे। जब वह फांसी में लटका हुआ था तभी उसके मोबाइल में उसके दोस्त का फोन आया जो नशा का सामान उपलब्ध हो जाने की बात कही। बहरहाल मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर जांच के लिए डायरी संबंधित थाना भेजने की तैयारी शुरू कर दी है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

हरिभूमि

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

# दहेजवार में घर बैठे हो रहा आवास प्लस का सर्वेक्षण, कर रहे मनमानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

- पात्र हितग्राहियों को नहीं मिल पा रही जानकारी

मोर द्वार साय सरकार अभियान के तहत चल रहे आवास प्लस 2.0 सर्वेक्षण कार्य में लापरवाही बरतने का मामला सामने आया है। ग्राम पंचायत दहेजवार में पंचायत के कर्मचारियों पर मामले में लापरवाही का आरोप लगा है।

बता दें कि प्रदेश सरकार द्वारा मोर द्वारा साय सरकार अभियान के आवास सर्वेक्षण प्लस 2.0 का कार्य हो रहा है। इसी कड़ी में विकासखंड के ग्राम पंचायत दहेजवार में भी आवास सर्वेक्षण का कार्य चल रहा है लेकिन पंचायत के रोजगार सहायक और सचिव की लापरवाही से पात्र लोगों का सर्वेक्षण नहीं हो पा रहा है पंचायत द्वारा एक सूची तैयार की गई है और उस सूची के तहत पंचायत कर्मचारी द्वारा ऑनलाइन आवास सर्वेक्षण प्लस 2.0 का कार्य किया जा रहा है। पंचायत द्वारा अपने से सूची तैयार कर ऑनलाइन सर्वेक्षण में पात्र व्यक्ति छूट जा रहे हैं। सूची में भी ऐसे व्यक्तियों का नाम शामिल किया गया है



जिनकी पंचायत से अच्छी खासी साठ गांठ है। हैरानी की बात तो यह है कि जब लोग पंचायत के रोजगार सहायक से इस सम्बन्ध में बात कर रहे है तो रोजगार सहायक के स्थान पर गांव के दबंग लोगों द्वारा ग्रामीणों को धमकाया जा रहा है और। यही वजह है कि लोगों को पता नहीं चल पा रहा है कि आवास सर्वेक्षण में कौन कौन पात्र हुए है और कौन अपात्र जबकि नियमानुसार पंचायत कर्मचारी को प्रत्येक घरों में जाकर जानकारी इकट्ठा कर पात्र अपात्र व्यक्तियों का चयन करना है लेकिन पंचायत कर्मचारी द्वारा घर बैठे सूची तैयार कर लिया जा रहा है। इस संबंध में पंचायत सचिव दिलीप गुप्ता ने बताया कि पिछले दिनों हम लोग हड़ताल में थे। अभी वापसी हुए हैं इसलिए आवास सर्वेक्षण प्लस 2.0 का कार्य रोजगार सहायक मनोहर सोनवानी को प्रदान किया गया है और आईडी भी उसी का है इसलिए क्या सही क्या गलत ज्यादा जानकारी मुझे नहीं है। बिना किसी पद के यदि किसी व्यक्ति द्वारा हस्तक्षेप कर मनमानी की जा रही है और पंचायत के वरिष्ठ पद का डर दिखाकर ऐसा कार्य किया जाता है तो उसे पर कार्रवाई की जाएगी और रोजगार सहायक से भी इसकी पूछताछ की जाएगी।

### पात्र हितग्राहियों का होगा चयन

सूची तैयार कर सर्वे करने के लिए कहा गया है और सिर्फ पात्र व्यक्तियों का ही चयन करने के लिए हिदायत दी गई है ताकि अंतिम में किसी का कैंसिल होने से टारगेट कम ना हो। रोजगार सहायक दिव्यांग है इसलिए हो सकता है सहायक रखा हो। उसे ऐसा करने से मना करने एवं नियम अनुसार कार्य करने के लिए बोलता हूं और अभद्रता करने वाले व्यक्ति के मामले की जांच की जाएगी।

-रणवीर साय
सीईओ जनपद पंचायत



